# दरिंदगी : 65 साल की महिला से रेप, कर दी हत्या



**नवभारत न्यूज**
**विदिशा 13 फरवरी, शहर के करीब 15 किमी दूर स्थित कोठीचार गांव से रोंगटे खड़े कर देने वाली घटना सामने आयी है.यहां पर हैवानियत की सारी हदें पार करते हुये दरिंदों ने एक 65 साल की बूढ़ी महिला को पहले अपनी हवस का शिकार बनाया उसके बाद सबूत मिटाने के लिये महिला की गला दबा कर बेरहमी से हत्या कर दी.**

इस दर्दनाक वारदात को अंजाम गुरूवार की शाम को दिया गया. जिसका खुलासा देर रात को हुआ जब महिला के परिजन महिला को ढूंढते हुये नदी के नजदीक पुराने मकान के पास पहुंचे जहां पर महिला के गले में साड़ी का पल्लू बंधा हुआ था और मुंह में कपड़ा फंसा हुआ था.जानकारी लगने पर गांव में सनसनी फैल गयी. इस पूरी घटना की जानकारी पुलिस को दी जो करीब एक घंटे बाद मौकाए वारदार पर पहुंची. जहां पर पड़ताल के बाद महिला के शव को पीएम के लिये मेडीकल कॉलेज पहुंचाया गया.वहीं डॉग स्क्वाड फिंगर प्रिंट स्पर्टस और एफएसएल की टीम ने सबूत जुटाये. फिलहाल आरोपियों के बारे में कोई सुराग पुलिस को नहीं मिले हैं. पुलिस ने अज्ञात आरोपी के रेप और मर्डर का मामला दर्ज कर लिया है.

सूचना मिलते ही करारिया थाना पुलिस और एफएसएल टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए. मामले की गंभीरता को देखते हुए एडिशनल एसपी प्रशांत चौबे भी देर रात घटनास्थल पर पहुंचे और परिजनों से पूछताछ की.प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि बुजुर्ग महिला का शव पुराने घर के एक कमरे में मिला. गला दबाकर हत्या किए जाने की संभावना जताई जा रही है. शव को पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल कॉलेज भेज दिया , जहा शव का पोस्टमार्टम किया गया , पीएम रिपोर्ट के बाद ही दुष्कर्म की पुष्टि हो सकेगी.

### बेटों का आरोप-दुष्कर्म कर मां की हत्या की

मृतका के बेटे ने आरोप लगाया है कि उनकी मां के साथ दुष्कर्म कर साड़ी के पल्लू से गला घोंटकर हत्या की गई. बेटों ने बताया कि वे काम पर गए हुए थे .शाम को जब छोटा भाई घर पहुंचा तो मां नहीं मिलीं. तलाश करने पर दूसरे घर के कमरे में उनका शव मिला. उन्होंने आरोपी की जल्द गिरफ्तारी और कड़ी सजा की मांग की है .एएसपी प्रशांत चौबे ने बताया कि यह घटना करारिया थाना क्षेत्र के कोटीचार गांव की है. बुजुर्ग महिला का शव कमरे में मिला है और गला दबाकर हत्या की आशंका है. पुलिस हर एंगल से जांच कर रही है और अज्ञात आरोपी की तलाश शुरू कर दी गई है. इस जघन्य हत्या से गांव में दहशत का माहौल है .पुलिस ने भरोसा दिलाया है कि जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर मामले का खुलासा किया जाएगा.

### बेटा बोला- नहीं है दुश्मनी

उसके बड़े बेटे ने बताया कि दिन के समय हम तीनों भाई काम के लिये निकल जाते हैं. घर में महिलायें और बच्चे ही रहते हैं. मां हमारे साथ ही रहती है. पुराने घर की साफ सफाई के लिये अक्सर जाती थी .गुरूवार को भी वह पुराने घर की सफाई के लिये गई हुयी थी. जो शाम तक वापस नहीं आयीं तो उनको तलाशी के लिये बच्चों को भेजा गया. बच्चों ने वापस आकर बताया कि मां घर में बेहोश हालत में पड़ी हुयीं हैं जिसके बाद परिवार के अन्य लोग भी घटना स्थल पर पहुंचे जहां पर महिला के कपड़े अस्त व्यस्त पड़े हुये थे .वहीं गले में साड़ी बंधी हुयी थी और एक डंडे के सहारे से गले को दबाया गया था. बेटे ने बताया कि उन्हें किसी पर शक नहीं है क्योंकि हमारी किसी से दुश्मनी भी नहीं है.

# बारात से भरी कार हादसे का शिकार, तीन की मौत



**नवभारत न्यूज**
**विदिशा 13 फरवरी, विदिशा के जाफरखेड़ी सड़क हादसे में अब बड़ा अपडेट सामने आया है.बारातियों से भरी टवेरा कार के हादसे में जहां तीन लोगों की मौके पर मौत हो गई थी.वहीं सात घायल अभी भी जिंदगी और मौत की जंग लड़ रहे हैं.कुछ की हालत नाजुक बनी हुई हैज्‍ प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग अलर्ट मोड पर है.**

कोतवाली थाना क्षेत्र के ग्राम जाफरखेड़ी के पास गुरुवार रात तेज रफ्तार टवेरा कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे सूखे तालाब में जा गिरी थीज्कार में 10 से 12 लोग सवार थेज् जो रायसेन जिले के गैरतगंज से बारात लेकर जाफरखेड़ी आ रहे थेज्

हादसे में 35 वर्षीय राजेश लोधी, 30 वर्षीय सोनू लोधी (ड्राइवर) और 35 वर्षीय चंद्रशेखर की मौके पर ही मौत हो गई थी.अपडेट के मुताबिक 10 वर्षीय ऋतुराज लोधी, 45 वर्षीय भाव सिंह लोधी, 16 वर्षीय ऋतिक लोधी और 27 वर्षीय बृजेश लोधी की हालत गंभीर बनी हुई है.सभी को मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया था.देर रात एक गंभीर घायल को बेहतर इलाज के लिए भोपाल भेजा गया हैज् डॉक्टरों की टीम लगातार मॉनिटरिंग कर रही है.बाकी घायलों का जिला अस्पताल में उपचार जारी है.प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि कार तेज गति से चल रही थीज् अचानक ड्राइवर संतुलन खो बैठा और देखते ही देखते गाड़ी खाई में जा गिरी हादसा इतना जबरदस्त था कि गाड़ी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गईज्घटना की जानकारी मिलते ही कलेक्टर अंशुल गुप्ता जिला अस्पताल पहुंचे.घायलों का हाल जाना और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए.पुलिस ने मामला दर्ज कर दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है.प्राथमिक जांच में तेज रफ्तार और अंधेरा हादसे की बड़ी वजह माने जा रहे हैं.एक शादी की खुशियां कुछ ही पलों में मातम में बदल गई. तीन परिवारों के घरों में चूल्हा नहीं जला और सात लोग अब भी जिंदगी की जंग लड़ रहे हैं.

# बारात के दौरान चली गोली में एक की मौत

**नवभारत न्यूज**
**सागर 13 फरवरी.** मोतीनगर थाना अंतर्गत धर्मश्री क्षेत्र में निकल रही बारात में चली गोली से बैंड पार्टी के एक नाबालिग लड़के की मौत हो गई. आज पीएम के बाद परिजनों को शव सौंप दिया गया. जिसके पश्चात परिजनों ने शव रखकर जाम लगा दिया.

**धर्मश्री क्षेत्र में शव रखकर परिजनों ने लगाया जाम**
**पुलिस प्रशासन के आश्वासन के बाद समाप्त हुआ जाम**



मोतीनगर थाना प्रभारी जसवंत सिंह राजपूत ने बताया कि कल रात्रि हुई घटना के दौरान गोली चलने से टपरियां थाना केंट निवासी 15 वर्षीय विवेक की मौत हो गई थी, जो कि बैंड पार्टी का सदस्य था. पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर जांच में ले लिया है.

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मोतीनगर थाना क्षेत्र के धर्म श्री क्षेत्र में एक मैरिज गार्डन में बारात आना थी गोला कुंआ के पास से बारात निकल रही थी कि तभी गाना बजाने को लेकर कोई विवाद बैंड पार्टी के सदस्य से होना बताया गया है. जिसके बाद ही अज्ञात व्यक्ति ने बाउंसर की बंदूक छीनकर विवेक बसंल उम्र 15 वर्ष को मार दी. जिससे विवेक की मौके पर ही मौत हो गई. बारात सोनी समाज की बताई गई है. बारात में शामिल युवक की पहचान दूसरे दिन भी नहीं हो सकी है. घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा बनाकर पोस्टमार्टम के लिए जिला चिकित्सालय देर रात्रि भेज दिया गया. आज शुक्रवार की सुबह शव का पोस्टमार्टम हुआ और परिजनों को सौंपा गया. जिसके पश्चात परिजनों ने शव रखकर सड़क पर जाम लगा दिया और आरोपी की गिरफ्तारी की मांग की गई. पुलिस ने मर्ग कायम किया है.

# लाखों की राहत राशि हड़पने वाला लिपिक बर्खास्त

**नवभारत न्यूज**
**सीहोर 13 फरवरी.** कृषकों व आपदा पीड़ित हितग्राहियों को दी जाने वाली राहत राशि में 63 लाख 58 हजार 894 रुपए के गबन के मामले में तहसील इछावर कार्यालय में पदस्थ (निलंबित) सहायक वर्ग-03 सुशील कुमार रायकवार को शासकीय सेवा से पदच्युत कर दिया गया है.

### एक माह में ब्याज सहित राशि जमा करने के निर्देश

आदेश में यह भी निर्देशित किया गया है कि गबन की गई 63,58,894 रुपए की राशि मय ब्याज एक माह के भीतर शासकीय कोष में जमा कराई जाए. निर्धारित समय में राशि जमा न होने की स्थिति में तहसीलदार द्वारा इसे भू-राजस्व की तरह वसूल कर शासकीय खाते में जमा कराया जाएगा.

जिला विभागीय जांच अधिकारी की विस्तृत जांच में यह सिद्ध हुआ कि रायकवार ने राहत राशि का दुरुपयोग कर लाखों की हेराफेरी की साजिश रची. गत 6 जुलाई 2015 से 27 सितंबर 2023 तक की अवधि में नायब नाजिर के पद पर कार्यालय तहसीलदार इछावर में कार्य करते हुए अपने पद का दुरुपयोग कर शासन की राशि 63 लाख 58 हजार 894 रुपए को अपने तथा अन्य साथियों प्रमोद चौरसिया, प्रीति चौरसिया, एवं गौरव गुप्ता (पटवारी) के खाते में बिना किसी वैधानिक दावे के कूट रचित दस्तावेजों का प्रयोग करके बैंक खाते में हस्तांतरित कर उपयोग किया गया है. इस मामले में रायकवार को 11 मई 2023 को निलंबित किया गया था. घोटाले की जांच के अनुसार सुशील कुमार रायकवार द्वारा स्वयं के खाते में 14,12,396 रुपए अंतरित किए गए. इसी तरह कंप्यूटर ऑपरेटर प्रमोद चौरसिया के दो खातों में 36,82,705 रुपए डाले गए. प्रमोद चौरसिया की पत्नी श्रीमती प्रीति चौरसिया के खाते में 10,49,691 रुपए स्थानांतरित किए गए. पटवारी गौरव गुप्ता के खाते में 2,14,102 रुपए ट्रांसफर किए गए. इस प्रकार कुल 63,58,894 रुपए फर्जी तरीके से विभिन्न खातों में अंतरित कर शासन को आर्थिक क्षति पहुंचाई गई. जांच अधिकारी के निष्कर्ष से सहमति जताते हुए सक्षम प्राधिकारी ने म.प्र. सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के नियम 10(9) के तहत कदाचार की श्रेणी में मामला पाते हुए दीर्घशास्ति आरोपित की है.आदेश में स्पष्ट किया गया है कि रायकवार को पदच्युत किया जाता है.

## एक नजर में

### मनीष सिंह होंगे मप्र के नए जनसंपर्क आयुक्त

**भोपाल.** मध्यप्रदेश सरकार ने देर रात आईएएस अधिकारियों के तबादला करते हुए वरिष्ठ अधिकारी श्री मनीष सिंह को जनसंपर्क आयुक्त की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है. सरकार ने 11 अधिकारियों के तबादला आदेश जारी किए हैं. वर्ष 2009 बैच के अधिकारी श्री मनीष सिंह पहले भी जनसंपर्क आयुक्त की जिम्मेदारी का निर्वहन कर चुके हैं और उन्होंने बेहतर छाप छोड़ी थी. अभी वे जेल और परिवहन विभाग के सचिव के रूप में कार्यरत थे. वर्तमान जनसंपर्क आयुक्त दीपक सक्सेना को आबकारी आयुक्त, ग्वालियर पदस्थ किया गया है. इसके अलावा संदीप यादव नए प्रमुख सचिव वन विभाग, एसीएस अशोक वर्णवाल को स्वास्थ्य विभाग, अभिजीत अग्रवाल, प्रबंध संचालक, मार्कफेड, उमाशंकर भार्गव को लोकभवन से वापस बुलाकर कृषि विभाग में संचालक बनाया गया है, जबकि अजय गुप्ता मप्र पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी, जबलपुर के नए प्रबंध संचालक होंगे, शेष 4 अधिकारी जिला पंचायत के सीईओ स्तर के हैं.

### 10 वर्षीय मूक-बधिर की ग्रामीण ने बचाई जान

**गुना।** म्याना के कटरा मोहल्ले में शुक्रवार को एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। यहाँ सड़क किनारे स्कूल के सामने स्थित एक पुराने कुएं में खेलते समय 10 वर्षीय बालक गिर गया। गनीमत रही कि पास ही चौक में ग्रामीण बैठे थे, जिन्होंने समय रहते बच्चे के रोने की आवाज सुन ली और उसकी जान बचा ली। जानकारी सामने आई बालक मूक-बधिर है और कुएं के पास खेल रहा था, तभी अचानक अनियंत्रित होकर अंदर जा गिरा। कुएं से रोने की आवाज सुनकर आसपास के लोग तुरंत एकत्रित हो गए। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए कटरा मोहल्ला निवासी धरमू कुशवाह ने दिलेरी दिखाई। वे तुरंत रस्सा लेकर गहरे कुएं में उतरे और बालक को रस्सी से बांधकर सुरक्षित बाहर निकाला। ग्रामीणों ने बताया कि कुएं में पानी कम होने की वजह से बालक को गंभीर चोटें नहीं आई। हादसे के बाद ग्रामीणों में प्रशासन के प्रति आक्रोश देखा गया। स्थानीय निवासियों का कहना है कि यह कुआं खुला पड़ा है और इससे मात्र दस कदम की दूरी पर शासकीय प्राथमिक विद्यालय संचालित है। स्कूल होने के कारण यहाँ हर समय बच्चों की आवाजाही बनी रहती है, जिससे भविष्य में किसी बड़ी अनहोनी का डर बना रहता है। इस घटना ने खुले कुओं की सुरक्षा पर एक बार फिर सवाल खड़े कर दिए हैं। बच्चों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए सार्वजनिक कुओं के ऊपर लोहे का मजबूत जाल डाला जाए, ताकि ऐसे हादसों की पुनरावृत्ति न हो।





**नपा सम्मेलन में फूटा पार्षदों का गुस्सा**

# जनता ने हमें समोसा खाने नहीं भेजा

**नवभारत न्यूज**
**गुना 13 फरवरी. लंबे समय के अंतराल के बाद शुक्रवार को आयोजित गुना नगरपालिका परिषद का साधारण सम्मेलन हंगामे की भेंट चढ़ गया। 14 बिंदुओं के एजेंडे के साथ शुरू हुई इस बैठक में शहर के विकास कार्यों की सुस्त रफ्तार, आवारा जानवरों का आतंक और पार्षदों की अनदेखी के मुद्दों पर जमकर बहस हुई।**

सम्मेलन की खास बात यह रही कि क्षेत्रीय विधायक पन्नालाल शाक्य भी इसमें शामिल हुए और उन्होंने न केवल प्रशासनिक अमले को फटकार लगाई, बल्कि शहर के भविष्य को लेकर कई महत्वपूर्ण सुझाव भी दिए। बैठक की शुरूआत होते ही वार्डों में विकास कार्य ठप होने का मुद्दा गरमा गया। पार्षद शेखर वशिष्ठ, तरुण मालवीय और सचिन धूरिया ने तीखे तेवर अपनाते हुए कहा कि उन्होंने अपने वार्डों की समस्याओं को लेकर मुख्य नगरपालिका अधिकारी डॉ. मंजूषा खत्री को कई पत्र लिखे, लेकिन महीनों बाद भी उन पर कोई सुनवाई नहीं हुई। स्थिति तब और तनावपूर्ण हो गई जब कई पार्षद अपनी सीटों से खड़े होकर एक साथ चिल्लाने लगे। पार्षद दिनेश शर्मा ने नाराजगी जाहिर करते हुए सीधे तौर पर कहा, वार्ड की जनता ने हमें यहाँ परिषद की बैठक में केवल समोसा खाने के लिए नहीं भेजा है, बल्कि वार्ड में नालियों और सड़कों का निर्माण कराने के लिए भेजा है। पार्षदों ने आरोप लगाया कि परिषद में भेदभावपूर्ण रवैया अपनाया जा रहा है और जानबूझकर विकास कार्यों के टेंडर निरस्त किए जा रहे हैं। हंगामे को बढ़ता देख सीएमओ ने शांति की अपील की और कहा कि निर्णय किसी व्यक्ति विशेष के आधार पर नहीं बल्कि बहुमत के आधार पर लिया जाएगा।

कुत्ते और आवारा मवेशियों के

### विधायक पन्नालाल के कड़े निर्देश

बैठक में विधायक पन्नालाल शाक्य ने कड़े तेवर दिखाते हुए नगरपालिका कर्मचारियों की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए। उन्होंने सीधे तौर पर स्वास्थ्य अधिकारी को घेरा और पूछा कि वे शहर में सफाई व्यवस्था का दौरा क्यों नहीं करते? विधायक ने कर्मचारियों को सख्त लहजे में कहा, 'आप सरकार के नुमाइंदे हैं, किसी के व्यक्तिगत नौकर नहीं। इसलिए चापलूसी बंद करें और शहर के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाएं। विधायक पन्नालाल शाक्य ने पीएम आवास कॉलोनी में बनने वाली दुकानों को 'अटल मार्केट' के रूप में विकसित करने के निर्देश दिए। विधायक ने भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश स्वर्गीय आरसी लाहोटी के सम्मान में दिल्ली में एक सड़क का नामकरण करने का प्रस्ताव रखा। उन्होंने सभी पार्षदों से अपील की कि वे एकजुट होकर इसका प्रस्ताव केंद्र सरकार को भेजें। शाक्य ने सड़कों के घटिया मेंटेनेंस पर चिंता जताई। उन्होंने कहा, आज सड़क बनाई और कल उखड़ गई, ऐसा काम अब नहीं चलेगा। मेंटेनेंस की गुणवत्ता ऐसी होनी चाहिए जैसे हम अपने घरों के काम में रखते हैं। शाक्य ने महिला पार्षदों को आत्मनिर्भर बनने की सलाह दी।

# दूर से देखा तो लगा हॉलीवुड का हीरो खड़ा है

**नवभारत न्यूज**
**गुना 13 फरवरी.** मप्र कांग्रेस की राजनीति में इन दिनों एक नई और दिलचस्प केमिस्ट्री देखने को मिल रही है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी और राघौगढ़ विधायक जयवर्धन सिंह की जुगलबंदी एक बार फिर चर्चा का विषय बन गई है। गुरुवार को गुना प्रवास के दौरान पटवारी ने जयवर्धन सिंह के लुक और व्यक्तित्व की तुलना हॉलीवुड के हीरो से कर दी।

**▸ पटवारी ने जयवर्धन सिंह की जमकर की तारीफ**

दरअसल, जीतू पटवारी गुरुवार को गुना जिले के चांचौड़ा क्षेत्र में एक वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे थे। जब उनका काफिला नेशनल हाईवे से गुजर रहा था, तब राघौगढ़ विधायक जयवर्धन सिंह अपने समर्थकों के साथ उनका स्वागत करने के लिए खड़े थे। जैसे ही पटवारी की गाड़ी रुकी, जयवर्धन सिंह ने माला पहनाकर उनका आत्मीय स्वागत किया।



जैसे ही जीतू पटवारी गाड़ी से उतरे, उन्होंने वहां मौजूद कार्यकताओं और नेताओं की ओर मुस्कुराते हुए कहा, मैंने दूर से देखा कि कौन खड़ा है, कौन है? मैंने सोचा कि ये अपना हॉलीवुड का हीरो कौन खड़ा है? पास आकर देखा तो पता चला ये तो हमारे जेवी भैया हैं। पटवारी की इस मजाकिया और आत्मीय टिप्पणी पर वहां मौजूद कार्यकताओं ने जमकर ठहाके लगाए। इसके बाद जयवर्धन सिंह ने स्थानीय नेताओं का परिचय पीसीसी चीफ से कराया।

# किसान-हम्माल विवाद से कामकाज रहा ठप

**बैतूल 13 फरवरी.** बडोरा कृषि उपज मंडी में किसान और हमालों के बीच हुए विवाद के बाद शुक्रवार को मंडी का कामकाज पूरी तरह ठप हो गया। विवाद के कारण हमालों और तुलावटियों ने काम बंद कर दिया, जिससे तुलाई प्रक्रिया प्रभावित हुई। इस बीच, व्यापारियों ने भी नीलामी का बहिष्कार कर दिया है, जिससे किसानों को अपनी उपज बेचने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

जानकारी के अनुसार, शुक्रवार को केवल सोयाबीन की नीलामी हो सकी, जबकि गेहूं और मक्का की नीलामी पूरी तरह से रुकी रही। मंडी सचिव सुरेश परते ने बताया कि हमालों ने किसानों और व्यापारियों से गाली-गलौज किए जाने की शिकायत की है, जिसके विरोध में उन्होंने काम बंद कर दिया। व्यापारियों ने भी विवाद की स्थिति को देखते हुए बोली में भाग नहीं लिया। मंडी सचिव ने यह भी बताया कि प्रबंधन दोनों पक्षों से बातचीत कर रहा है ताकि जल्द समाधान निकल सके और नीलामी की प्रक्रिया पुन: शुरू की जा सके।

## टायर फटने से बेकाबू हुई बस खेत में गिरी

**नवभारत न्यूज**
**विदिशा 13 फरवरी.** शुक्रवार को विदिशा जिले में एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया.सेऊ और पमारिया चौराहे के बीच एक निजी स्कूल की बस अचानक अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे उतरते हुए खेत में पलट गई. गनीमत रही कि बस में सवार सभी बच्चे सुरक्षित हैं.ग्लोबल स्कूल की यह बस आसपास के गांवों से बच्चों को लेकर स्कूल आ रही थी. प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार अचानक बस का पिछला टायर फट गया, जिससे चालक नियंत्रण खो बैठा और बस सड़क किनारे खेत में पलट गई.बस में करीब 35 से 36 बच्चे सवार थे.

**नरवाई पर सुनवाई ▸ रबी फसल कटाई पर प्रयुक्त हार्वेस्टर पर लगानी होगी स्ट्रॉ मैनेजमेंट डिवाइस**

# वरना हार्वेस्टर पर लगेगा 15 हजार जुर्माना..!

**राजगढ़ 13 फरवरी.** रबी फसल की कटाई के बाद हर साल नरवाई जलाने के मामले सामने आते है. कारण हार्वेस्टर से कटने वाली फसलों के बाद खेतों को साफ करने के नाम पर नरवाई जला दी जाती है. ऐसे में वायु और मृदा प्रदूषण बढ़ जाता है. धुंए से लोगों को भी परेशानी होती है.

ऐसे में अब उपसंचालक कृषि किसान कल्याण तथा कृषि विकास द्वारा कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने संज्ञान लेते हुए पाया कि वर्तमान में गेहूं की अधिकांशत: फसल कटाई कम्बाईन हारवेस्टर द्वारा की जाती है. कम्बाईन हारवेस्टर से कटाई उपरांत फसल की नरवाई में आग लगाने की घटनाओ में तेजी से वृद्धि हुई है. नरवाई जलाने के कारण वायु प्रदुषण एवं आगजनी की घटनाओ से आमजन के स्वास्थ्य पर हानिकारक प्रभाव पड़ता है. साथ ही खेत में आग के अनियंत्रित होने पर जनधन, संपत्ति, प्राकृतिक वनस्पति, जीव-जंतु आदि नष्ट हो जाते है. जिससे व्यापक नुकसान होता है एवं भूमि की उर्वराशक्ति कम होती है. कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी डॉ. मिश्रा द्वारा फसल काटने के उपरांत उसके अवशेषों (पराली/नरवाई) को जलाने से रोकने हेतु भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 में प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग करते हुए सम्पूर्ण जिला राजगढ़ राजस्व सीमाक्षेत्र के लिए आदेश पारित किया हैं. जिसमें राजगढ़ जिला अंतर्गत फसल कटाई के पश्चात् फसल अवशेषों को जलाना पूर्णत: प्रतिबंधित किया जाता है. हारवेस्टर मशीन संचालको को यह अनिवार्य होगा की वह हारवेस्टर मशीन के साथ स्ट्रा मेनेजेमेंट सिस्टम लगाकर ही फसल कटाई करेंगे एवं खेत पर ही फसल अवशेषों का भूसा बनाकर निपटान करेंगे.

### थानों में देनी होगी जानकारी

हारवेस्टर मशीन संचालको को यह अनिवार्य होगा की वह हारवेस्टर मशीन का प्रकार, मशीन /वाहन नं., स्वामी का नाम, संपर्क नं., कार्यक्षेत्र आदि की सूचना सम्बंधित थाना में दर्ज कराएगें. इस हेतु थाना प्रभारी द्वारा नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी.

# ट्रेनों के स्टॉपेज को लेकर रेल मंत्री से की मुलाकात

**बैतूल, 13 फरवरी.** जनजातीय बहुल बैतूल संसदीय क्षेत्र में रेल एवं बुनियादी ढांचा संबंधी समस्याओं को लेकर केंद्रीय जनजातीय कार्य राज्य मंत्री दुर्गादास उइके ने केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से आज संसद भवन नई दिल्ली में विस्तृत बैठक कर क्षेत्र की जनता की आवाज को मजबूती से रखा।



बैतूल में अंडर ब्रिज को शीघ्र स्वीकृति देने की मांग - बैठक की शुरुआत में श्री उइके ने बैतूल शहर में यातायात की सबसे गंभीर समस्या रेलवे अंडर ब्रिज को सर्वोच्च प्राथमिकता का विषय बताया। उन्होंने बैतूल-मरामझिरी रेल खंड के किलोमीटर 850 240 पर सदर क्षेत्र में प्रस्तावित अंडर ब्रिज तथा बैतूल रेलवे मालगोदाम के नागपुर सिरे पर माचना नदी (रामनगर की ओर) स्थित अंडर ब्रिज को शीघ्र स्वीकृति प्रदान करने की मांग रखी। उन्होंने रेल मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव जी से कहा कि इन अंडर ब्रिजों के अभाव में शहर रोज जाम से जूझ रहा है, एम्बुलेंस और आपातकालीन सेवाएं बाधित हो रही हैं तथा दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। जबकि दोनों प्रस्ताव मंडल एवं जोनल स्तर से स्वीकृति के साथ रेलवे बोर्ड को भेजे जा चुके हैं।

### हरिद्वार तक रेल सेवा की रखी मांग

बैठक में बैतूल से हरिद्वार के लिए सीधी रेल सेवा प्रारंभ करने अथवा दक्षिण एक्सप्रेस, गोंडवाना एक्सप्रेस को हरिद्वार तक विस्तारित करने की मांग भी जोरदार तरीके से रखी गई। श्री उइके ने कहा कि गायत्री परिवार सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु हरिद्वार एवं ऋषिकेश की यात्रा करते हैं, लेकिन सीधी ट्रेन न होने से विशेषकर वृद्धजन, महिलाएं और ग्रामीण यात्रियों को अत्यधिक कष्ट झेलना पडता है।